कर्नाटक सरकार

परिसर अध्ययन
ENVIRONMENTAL STUDIES

अभ्याससहित पाठ्यपुस्तक
TEXT CUM WORK BOOK

हिन्दी माध्यम
HINDI MEDIUM
PART - 1

5

पाँचवी कक्षा
FIFTH STANDARD

Karnataka Text Book Society (R.)
6th Cross, Malleshwaram,
Bengaluru - 560 003.

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Foreword

The protection of our environment is our topmost priority now. The environment that we are discussing here is our natural environment. The role of natural environment in human life is similar to the social environment which plays an important and prominent role in human growth. There is a need to nurture and protect natural environment as our duty. Apart from protecting the existing trees, we need to plant new ones. We also need to develop tanks and take measures to protect all the sources of water. Judicious usage of river water is also the need of the hour. Deforestation should be stopped. A pro people developmental activity and a programme aimed at the protection of environment should not be at loggerheads. We need to have a developmental vision that can ensure our secure physical existence. We need natural environment. Opposing natural environment protection in the name of development or opposing the developmental initiatives in the name of protecting natural environment is not good.

The issue here is about the choice of our developmental model. There is a big difference between the developmental model that seeks to provide basic needs to human beings and a model that seeks to attain development by destroying the Earth and turn it into a barren planet. Hence, we need to have a balanced vision of development.

So, the need of the hour is to foster balanced and sustainable nature oriented thinking in our children. Let them think of development once they are grown-ups. First, let them understand nature and realize the importance of protection of nature. Let them imbibe the importance of nature in their minds through this process. With this good intention, Environmental Studies is introduced from class I itself.

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

At present, Environmental Studies text cum work book is in usage from class I to class IV. The Government of Karnataka has extended the Environmental Studies to Class V as well in its order dated May 27, 2014. A text book committee was also formed with the mandate of preparing a suitable text book for Class V. Now, a complete Environmental Studies text is included in the Class V. The Social science chapters that were present earlier in the Class V are shifted to Class VI text. Now, the new text book for Environmental Studies for Class V is ready. It is a text cum work book. It is implemented from the academic year 2017-18.

We are indebted to Dr. Eknath Ekbote, the Chairperson of the Environmental Studies textbook committee and also to the members of the committee. The contributions of the editorial committee and the high power review committee are also acknowledged with pleasure. We also thank Smt. N.R. Shyalaja Kumari, SADPI, KTBS, for her efficient work as the subject coordinator.

While remembering all those who have supported this text book preparation work, we sincerely believe that students get benefitted from this text book.

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Sri M. P. Madegowda
Managing Director
Karnataka Textbook Society (R)
Bengaluru.

Prof. Baraguru Ramachandrappa
Chairman-in-Chief
Textbook Revision Committees
Karnataka Textbook Society (R)
Bengaluru.

Chairperson's Speak

The 5th Standard Environmental Studies text book has been prepared based on the guidelines of the NCF-2005. In this text book Science and Social science topics are integrated and it is a continuation of 1 to 4th standard Environmental Studies. It paves way for learning the concepts of 6th standard science and social science. Considering the age and mental ability of the child, care has been taken to use simple language in this text book.

Based on the theory of constructivism, importance has been given to the construction of knowledge of the child. Ample opportunities are given to develop love and concern towards environment through observation/discussion/activity/experiments with daily experiences. Local examples, situational illustrations, maps, charts are given to help the child's learning. Teachers have to guide the children to use them properly. We hope that the box items like **know this, Think** promote the child's self-learning and participatory learning which leads to meaningful and permanent learning.

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

Experienced teachers, subject experts, artist and scrutinizer have made a sincere effort to prepare this text book. I am very grateful to them. I express my grateful thanks to the members of editorial board, members of high power committee and officers of Karnataka text book society who have given their valuable suggestions/guidance for the preparation of this text book.

Suggestions and comments from teachers, parents and those who are interested in education are always welcome to improve the quality of this text book.

Dr. Eknath Ekbote,
Chairperson
Textbook Committee

Text Book Committee

Chairman-in-Chief :

Prof. Baraguru Ramachandrappa, State Textbook Revision Committees, Karnataka Textbook Society, Bengaluru.

Chairperson :

Dr. Eknath Ekbote, Professor of education(Retd.), Gulbarga University, Kalaburagi.

Members:

Dr.M.J. Ravindranath, Senior Scientist (Retd.), Bengaluru.

Smt.S. Gunavathi, Junior programme officer, R.M.S.A. State office, Bengaluru.

Sri Raghavendra Sunagar, Asst. teacher, GHS, Marakamadinni, Manvi Tq, Raichur Dist.

Smt. R.N. Vasantha Sujay, Asst. teacher, GHS, Hebbala, Bengaluru.

Smt. K.V. Geetha, Asst. teacher, GHPS, Ayodhynagar, Puttur Tq, Dakshina Kannada Dist.

Artist :

Sri V.B. Shinge, Drawing teacher, Karnataka High school, Dharwad.

Scrutinizer :

Dr. S. Niranjandas, Principal (Retd.), Vijaya Teachers' College, Bengaluru.

Editorial Board Members :

Dr. R. Shailaja, Director, Regional Environmental studies, South zone, Bengaluru.

Dr. M.R. Nagaraju, Educationist, Rajarajeshwarinagar, Bengaluru.

Dr. H.S. Ganesha Bhatta, Principal, M.E.S. Teachers' College, Rajajinagar, Bengaluru.

Dr. Ashwathanarayana, Professor, History Dept., Bangalore University, Bengaluru.

Dr. M.J. Sundar Ram, Professor (Retd.), Girinagar, Bengaluru.

Dr. M. Shashidhar, Professor, History Dept., Bangalore University, Bengaluru.

High Power Committee Members :

Dr. H.D. Gurubasappa, Principal, Sree Siddharatha College of Education, Tumakuru.

Prof. P. Mallappa, Professor (Retd.), J.S.S. Nagar, Mysuru.

Sri Y. C. Ravikumar, Senior lecturer, District Institute of Education and Training, Chikkaballapura.

Translators :

Sri Vilas G. Pudale, H.M.(Retd.), Shri Shantinath Hindi High School, Ghantikeri, Hubballi.

Sri Nandalal R. Rathi, H.M. (Retd.) Guledgudda, Bagalakote.

Sri P.S. Suregaonkar, A.M.(Retd.), Shri Shantinath Hindi High School, Ghantikeri, Hubballi.

Smt. Uma Rao, Asst. teacher (Retd.), Govt. Ex. Mpl High School, Ballari.

Chief Advisors :

Sri M. P. Madegowda, Managing Director, Karnataka Textbook Society, Bengaluru.

Smt M. D. Usha, Deputy Director,Karnataka Textbook Society, Bengaluru.

Programme Co-ordinator :

Sri Ashwath Narayana K. N., Senior Assistant Director, KTBS, Bengaluru.

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

विषय सूची

I6A3G4

क्र.सं.	पाठ	पृष्ठ संख्या
1.	जीव जगत	1 - 18
2.	परिवार	19 - 30
3.	समुदाय	31 - 51
4.	सामुदायिक खेल	52 - 59
5.	नैसर्गिक संसाधन	60 - 75
6.	वायु	76 - 82
7.	पानी	83 - 93
8.	कृषि	94 - 110

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 1

जीव जगत

R3Q7Z3

परिसर संरक्षण हम सभी का कर्तव्य है, आपने ऐसी घोषणा सुनी होगी। परिसर जैसा शब्द हमें चिरपरिचित है। परिसर याने हमारे चारों तरफ दिखाई देनेवाले अंश होते हैं। परिसर को देखकर ही आनंद उठाना चाहिए । पहाड, जंगल, नदी झील, झरना मधुमक्खी, क्रिमि, कीट, चील, साँप, मिट्टी, प्रकाश, पक्षी जैसे जितना देखते हैं, उतना विस्मयकारी, आश्चर्यपूर्ण अंश हमें दिखाई पडते हैं। यही हमारा परिसर है। हमारा परिसर विविधता का स्थान है। इसकी विविधता को समझने का कुतूहल तुम्हें है, है ना? तो इस घटक का अर्थ समझ लीजिए।

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- जीवी और निर्जीव वस्तुओं को पहचानोगे ।
- जीवीयों के प्रमुख लक्षण समझेगे ।
- सस्यों द्वारा आहार तैयार करने का क्रम, जीवनचक्र और विविध प्रकार के सस्यों का परिचय पाओगे ।
- आहार सेवन के आधार पर प्राणियों का वर्गीकरण करोगे ।
- सस्य एवम् प्राणीयों के संरक्षण का महत्व समझोगे ।

इस कथा को पढो - आलसी सोमण्णा

सोमण्णा एक आलसी व्यक्ति था। उसका अपना थोडा खेत होने पर भी एक दिन भी खेती का काम नहीं करता था। दूसरे लोगों ने जो कुछ भी दिया, पा कर वह जी रहा था। उसे मूँगफली बहुत पसंद थी। उसमें भी भूने हुए मूँगफली के बीज पंचप्राण के बराबर लगते थे। एक बार भूनीहुई मूँगफली खाते हुए उसको एक विचार सूझ गया। अपने खेत में मूँगफली के बीज बोने पर पर्याप्त मूँगफली मिलेगी। किसी की पूछताछ करने की जरूरत नहीं, मन ही, मन सोच लिया। साथ ही साथ सोचा कि मूँगफली के बीजों की अपेक्षा भूनेहुए बीजों को बोने से भूनेहुए बीज ही मिलेंगे न? दुबारा भूनने का काम ही नहीं रहेगा, ऐसा विचार उभर गया। किसप्रकार के बीज बोने चाहिए, इसका परिज्ञान रहित सोमण्ण अगले दिन ही भूने बीजों को बोने का कार्य आरंभ किया। सोमण्ण को खेत में काम करते देख अडोस-पडोस के किसान खुश हो गये। आखिर सोमण्ण ने आलस्य छोड दिया, सोच कर वे खुश हो उठे। दिन बीत गये। सब के खेतों में हरापन छाया, सस्य उगआये। लेकिन सोमण्णा के खेत में एक भी सस्य नहीं उगा।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



सोचिये : क्था पढी ना? सोमण्णा के खेत में सस्य क्यों नहीं उगे?

नहीं, भुनने मूँगफली में सस्य होनेके जरूरी लक्षण होते हैं। इसे जैविक लक्षण कहा जाता है। भुनने पर सस्य होने के लिए आवश्यक जैविक अंश नष्ट होते हैं। इसे अजैविक स्थिति कहते हैं। परिसर में जैविक लक्षणयुक्त अंशों को जीवी कहते हैं और जैविक लक्षण रहित अंशों को निर्जीवी कहते हैं।

निम्न तालिका में परिसर सम्बंधी कुछ अंशों को और उनके सामने कुछ लक्षण हैं। ध्यान से पढो। प्रत्येक अंश में उसके सामने सूचित लक्षण दिखते हैं, तो (✓) चिन्ह डालो। ये लक्षण नहीं दिखने पर/नहीं होने पर (X) चिन्ह डाला।

परिसर के अंश	लक्षण						
	वृद्धि	खाना	गति	श्वास	विसर्जन	संवेदनात्मक प्रतिक्रिया	प्रजनन
चूहा							
आम का पेड							
ईंट							
घडी							
तितली							
मनुष्य							
मेंढक							
कागज							
मोबाइल							

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

तुम से (✓) चिन्हवाले अंश परिसर में जीवी, (X) चिन्हवाले अंश निर्जीव वस्तुएँ कहलाती हैं।

परिसर में दिखनेवाले कई अंश निम्न लिखित हैं। उन्हें जीवी अथवा निर्जिव वस्तुओं में पहचानो। ठीक चयन के सामने (✓) चिन्ह लगाओ।

परिसर के अंश	जीवी	निर्जीव वस्तुएँ
पक्षी		
गुब्बारा		
पानी		
आम का पेड		
वाहन		
कलम		

कार्यकलाप : तुम से देखे गये दूसरे जीवी और निर्जीवियों की तालिका तैयार करो।


_____ _____ _____ _____ _____


_____ _____ _____ _____ _____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सस्य और प्राणी, जीवी होते हैं। परिसर में दिखनेवाले इनको जीवी के रूप में निर्धारित करने में कई लक्षण होते हैं। जीवियों के लक्षणों के बारे में यहाँ जानकारी है, समझ लो।


1. जीवी, जीवकोशिकाओं से बने हैं।





चित्रों पर ध्यान दो। ये सस्य और प्राणियों के जीवकोशिकाएँ हैं। घर बाँधने का काम तुमने देखा हैं। ईंट, सिमेंट, पानी, लोहा, लकडी ऐसे कई वस्तुओं को ठीक तरीके से संयोजित करने पर घर जैसे बनकर तैयार होते हैं, ठीक उसी तरह जीवकोशिकाओं से जीवियों की देह की रचना हुई है। जीवकोशिकाओं के बारे में अधिक जानकारी अगली कक्षा में पाओगे।

2. जीवी श्वास लेते हैं।



जीवी श्वास लेते हैं, इसे तुमने पिछली कक्षा में ही समझ लिया है। जीवी श्वास लेते हुए वायु आक्सीजन लेते है, और कार्बन डैयोक्साइड को बाहर छोड देते हैं।

इस चित्र पर ध्यान दो।

यह कौन सा चित्र है, पहचान कर यहाँ लिखो

प्राणियों को श्वासोच्छ्वास करने के लिए विशेष अंग होते हैं।

सस्य भी श्वासोच्छ्वास के लिए आक्सीजन पर अवलम्बित हैं। लेकिन प्रणियों की तरह इवासोच्छ्वास के लिए विशेष अंग नहीं होते हैं। सामान्यतया पत्तियों की निचली सतहपर पत्ररंध्रों (स्टोम्याटा) द्वारा श्वासोच्छ्वास करते हैं।

पद सहाय: स्टोमेटा (पत्ररंध्र) श्वासोच्छ्वास के लिए विशेष रंध्र जो पत्तियों की निचली सतह पर रक्षक कोशिकाओं द्वारा नियंत्रित हैं।

आक्सीजन अनिल की सहायता से आहार में स्थित ऊर्जा जीवियों की देह को उपलब्ध होती हैं।

सोचिये : आहार से मिलनेवाली ऊर्जा से जीवियों के लिए क्या उपयोग हैं?

3. जीवी आहार को स्वीकार करते हैं।

लकडी काटना, भारवान थैली ढोना, शिकार करना, इस प्रकार जीवी हर रोज कई गतिविधियाँ करते हैं।







© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्न कई जीवियों के नाम लिखे गये हैं। ये जीवी हमारे आवश्यक काम में सहायता करते हैं। उनके द्वारा होनेवाले प्रमुख काम लिखो।

जीवी	काम
हाथी	
बैल	
कुत्ता	

इन सभी कार्य करने के लिए जीवियों को ऊर्जा चाहिए। जीवी अपने लिए आवश्यक ऊर्जा को आहार के द्वारा प्राप्त करते हैं।


सस्यों का आहार

सस्य का प्रत्येक भाग एक न एक गतिविधि करता रहता है। उसे भी आहार चाहिए न? सस्य को आहार कैसे मिलता है? सोचो। हाँ, हरे सस्य अपने लिए आवश्यक आहार को आप ही तैयारकर लेते हैं। इसलिए सस्यों को **स्वपोषी** कहते हैं।

पद सहाय : स्वपोषण : जीवी अपना आहार आप ही तैयार कर लेते हैं।

सस्य से आहार तैयार करना

चित्र को देखो। सस्य से आहार तैयार करने में आवश्यक चार प्रमुख अंश होते हैं। कौनसा? किस से? इस कार्यकलाप को निम्न लिखा गया है। उसके कथनों को ठीक से जोड कर लिखिए।



कौन सा	किस से	ठीक करके यहाँ लिखो
सौर ऊर्जा	हरी पत्ती	
पानी, खनिज लवण	वायुमंडल	
कार्बन डैयोक्साइड	सूर्य	
पर्णहरिम	मिट्टी	

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

सस्य सूर्य के प्रकाश की ऊर्जा वायु से कार्बन डैयोक्साइड, मिट्टी से पानी, खनिज लवणाँओं को जडों से अवशोषित करके पत्ती में स्थित पर्णहरिम की सहायता से आहार तैयार कर लेते है। इसे **प्रकाश संश्लेषण** कहते हैं।


सस्य से आहार तैयार करने में ग्लूकोज तैयार होता है, और आक्सीजन मुक्त होता है। जीवियों को इन दोनों के उपयोग यहाँ लिखो।

1) ग्लूकोज_____

2) आक्सीजन_____

समूह में चर्चा कीजिए : सूर्य नहीं होता तो क्या होता था?

निम्न चित्रों पर ध्यान दो। ये अपने लिए आहार कैसे पाते हैं?





ड्रोसिरा, नेपेंथिस, युट्रिक्युलेरिया सस्य अपने आहार आप ही तैयार करने पर भी नैट्रोजन पाने के लिए कीटों पर अवलम्बित हैं। इन्हें **कीटाहारी सस्य** कहते हैं। उनके बारे में अगली कक्षा में समझोगे।

प्राणियों का आहार

प्राणी अपना आहार आप ही तैयार कर नहीं लेते हैं। वे आहार के लिए सस्य और इतर प्राणियों पर अवलम्बित होते हैं। इसलिए प्राणियों को **परपोषी** कहते हैं।

सभी प्राणी एक पद्धति का आहार स्वीकार नहीं करते हैं। उनके द्वारा खायेजानेवाले आहार क्रम पर प्राणियों को निम्नप्रकार वर्गीकृत किया गया हैं।


सस्याहारी – सस्य एवं उससे उत्पन्न पदार्थों को मात्र आहार के रूप में स्वीकार करनेवाले प्राणी होते हैं।

मांसाहारी – अपने आहार में दूसरे प्रणियों को खाकर जीवित रहनेवाले प्राणीहोते हैं।

NOT TO BE PUBLISHED

मिश्राहारी – सस्य और प्राणी दोनों को खानेवाले प्राणी होते हैं।

इस चित्र की सहायता से सस्याहारी, मांसाहारी और मिश्राहारी प्राणियों को निम्न तालिका में लिखकर सूची तैयार करो।




सस्याहारी	मांसाहारी	मिश्राहारी

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

4. जीवी वृद्धि करते हैं।

निम्न चित्रों पर ध्यान दो।



ये चित्र उन जीवियों की वृद्धि को दिखाते हैं। प्रत्येक चित्र में जीवियों की लम्बाई-चौडाई और गात्र में बढत हुई है। इसे वृद्धि कहते हैं।

ऊर्जा से सम्बंधित कुछ कथन निम्न उल्लेखित हैं। ये कथन ठीक हैं तो (✓) गलत हैं तो (×) डालो। गलत कथयों को ठीक करके लिखो।

* सभी जीवी जनन काल में छोटे हो कर, बाद में निर्दिष्ट ऊँचाई और गात्र पाते हैं। ( )

_____

_____

* जीवियों की वृद्धि तेजी से यानी एक-दो दिनों में होती है। ( )

_____

_____

* सस्य की वृद्धि उनके तने के सिरे अथवा तने के गात्र में दिखाई देती है ( )

_____

_____

5. जीवी गति करते हैं।

इन चित्रों पर ध्यान दो। ये जीवियों का कौन सा लक्षण सूचित करते हैं?



ये गति से सम्बांधित हैं। गति, जीवियों का उसमें भी प्राणियों का विशेष लक्षण हैं।

प्राणियों की गति


प्राणी एक और से दूसरी और चलते हैं। उसीलिए प्राणियों को विशेष अंग होते हैं। निम्न कई प्राणियों के नाम हैं। उनके चलनांग यहाँ लिखो।

मनुष्य _____ चील _____

कंगारु _____ चमगीदड _____

NOT TO BE REPUBLISHED

प्राणी क्यों गति करते हैं, इसे समूह में चर्चा करके निम्न दत्त स्थान में लिखों





सोजिए : कार, बस रस्ते मे गति करते हैं। घडी में काँटे वृत्ताकार गति करते हैं। नदी, तालाब-झील का पानी बहता है। क्या इनमें भी जीव है? निर्जीव वस्तुओं की गति और जीवियों की गति में क्या अंतर हैं?

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

प्राणियों में चलनांग जैसे होते हैं, वैसे सस्यों में नहीं होते हैं। सस्यों की जडों को मिट्टी जकडे रखने से उन्हें एक ओर से दूसरी ओर चलने को नहीं होता है। तथापि सस्यों में निम्न चालनों पर ध्यान दे सकते हैं।

* जडें भूमि में जल की उपस्थिति की ओर बढती हैं।
* सूर्यकांति सस्य सूर्य की तरफ अपना मुख मोडता हैं।

ऐसे कीजिए : दिन के समय अंधेरे कमरे में एक गमले का सस्य रखो। एक खिडकी से प्रकाश को अंदर आने दो। एक अथवा दो घंटों के बाद सस्य की पत्तियाँ किस ओर झुकी हैं, इस पर ध्यान दो। मित्रों के साथ-चर्चा करो।



सोचिए : सस्यों को तुम्हारे बराबर पैर होते तो क्या होता था?

6. जीवी विसर्जन करते हैं ।

जीवियों की देह में अनेक गतिविधियाँ चलती हैं। इससे देह में अवाँछित वस्तुएँ उत्पन्न होती हैं। इन्हें देह से भी बाहर डालना ही चाहिए। नहीं तो देह को कष्ट होता हैं।

कार्बन डैयोक्साइड, पसीना, मल, मूत्र के रूप में प्राणी अनचाही वस्तुओं को बाहर डालते हैं। इसके वास्ते विशेष अंग होते है।

आहार तैयार करने और अन्य कार्यों के पश्चात् बाहर निकलनेवाले कार्बन डैयोक्साइड, सूखे पत्ते, तना, सडे भाग सस्यों से छूट जाते हैं। सस्य अतिरिक्त पानी को पत्तियों के द्वारा बाहर डालते हैं।

ऐसे कीजिऐ : गमले में स्थित सस्य को प्लास्टिक कवर से ढक कर तने के पास मजबूती से बाँधो। एक-दो घंटों तक गमले को धूप में रखो। अबतब प्लास्रिक कवर को ध्यान से वीक्षण करो। वीक्षण के अनुभव को कक्षा में बाँट लो ।



7. जीवी संतानोत्पादन करते हैं।



चित्र में प्रत्येक जीवी और उसके बच्चे पर ध्यान दो। प्रत्येक जीवी के बच्चे जन्म देनेवाले जीवी के बराबर दिखते हैं। जीवी के द्वारा अपने जैसे बच्चों को जन्मदेने की घटना को **संतानोत्पत्ति** कहते हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

संतानोत्पत्ति से सम्बंधित निम्न कई कथन दिये गये हैं। कथन सही हो तो (✓), गलत हों तो (X) चिन्ह डालो। गलत कथनों को उसके सामने दिये स्थान पर ठीक करके लिखो।

कथन	**सही/गलत**	**ठीक कियाहुआ कथन**
संतानोत्ति से जीवी अपनी संतति को आगे बढाते हैं।		
संतानोत्पत्ति से परिसर में इतर जीवियों के लिए आहार मिलता हैं।		
संतानोत्पत्ति प्राणियों में मात्र दिखाई देती हैं।		
एक ही जीवी की अति संतानोत्पत्ति से परिसर में कोई खतरा होता नही हैं।		

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कुछ प्राणी अंडे रखने के द्वारा, और भी कुछ सीधा अपने बच्चों को जन्म देने के द्वारा संतानोत्पत्ति करते हैं।

कार्यकलाप : अंडे रखने के द्वारा और सीधे अपने बच्चों को जन्म देने के जीवियों की सूची तैयार करो।

_____ _____

_____ _____

_____ _____

_____ _____

• **सस्य, बीज एंव तनों के द्वारा संतानोत्पत्ति करते हैं।**

कार्यकलाप : बीज और तानों के द्वारा संतानोत्पत्ति करने के सस्यों की सूची तैयार करो।

_____ _____

_____ _____


_____ _____

_____ _____

सस्य का जीवन चक्र :

बीज सस्य की संतानोत्पत्ति का प्रमुख भाग है। बीजसे बीज की उत्पत्ति परिसर के आश्चर्यजनक विषयों में से एक है। बीजों के अलावा कई सस्य अपने तने के गाँठ से नये सस्यों को पनपनाते हैं। इनके बारे में अगली कक्षा में अधिक जानकारी पाओगे।

बीज से बीज उत्पन्न करने के सस्य का जीवन चक्र यहाँ है, ध्यान दो।



NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS



सोचिए : सामान्यतया फल में स्थित बीज से सस्य की संतानोत्पति होती है। लेकिन नारियल का संदर्भ इससे अलग है क्यों? शिक्षकों की मदद पालो।

कार्यकलाप : सस्य की संतानोत्पति से मानव सहित प्राणियों के लिए अनेक उपयोगिताँए हैं। मित्र/ सहेलियों से चर्चा करके सूची तैयार करो।

_____

_____

_____

_____

ऐसे कीजिऐ : बरसात के प्रारंभ में अपनेचारों तरफ होनेवाले पेड-वृक्षों के बीजों का संग्रह करो। उर्वर मिट्टी ले कर उससे मिट्टी के गोले तैयार करो। अपने संग्रहित एक-एक बीज को एक-एक मिट्टी के गोले के अंदर धकेलो। बरसात होने पर उन्हें भूमि में आरोपित करो। प्रतिवर्ष करते रहो। इस तरह तुम्हारे से आरोपित कोई बीज भविष्य में अच्छी तरह बढ सकता हैं।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

8. जीवी उद्दीपन को प्रतिक्रिया दिखाते हैं।

पैर को काँटा चुभने पर हमें दर्द का अनुभव होता है। जाडे में शरीर काँपता है। साँप अपनी रक्षा के लिए बुस् कहता है। धूप के ताप के निर्वहण करने के लिए भैंसे पानी में उतरते हुए हमने देखा है। कईकीट छूने पर वे हमें काटते हैं। प्राणी चीखते हैं। इस तरह जीवी अपने ही विधि से प्रतिक्रिया करते हैं। ये सभी चारों ओर की उद्दीपनों के लिए देनेवाली प्रतिक्रियाएँ होते हैं। जीवी अपने परिसर में होनेवाले परिवर्तनों के लिए स्पंदित होते हैं। सामान्यतया स्पर्श, गरमी, ठंड, शब्द, गंध के लिए जीवी प्रतिक्रिया देते हैं। इसके लिए जीवियों में विशेष अंग होते हैं।

पद सहाय : उददीपन - परियावरण में होनेवाला एकाएक परिवर्तन

इन चित्रों पर ध्यान दो। छुईमुई सस्य की पत्तियों को छूने पर संकुचित होती हैं। बिच्छु से बाहय वस्तु का स्पर्श होने पर डंकमारना, सूर्यकांति फूल सूर्य की ओर मुख करना - इसतरह जीवी उद्दीपनों के लिए प्रतिक्रियात्मक होते हैं।







सोचिऐ : गाय को देखने पर बछडे का उछलना, बच्चे घोसले में नहीं दिखने पर मादा पक्षि के घबडाने का कूजना, मुर्गी अपन परों में अपनी चूजें छिपाना, अथवा चूजों की रक्षा करने के लिए बिल्ली अथवा बाज पर आक्रमण करना, ये प्राणियों की भावना को दिखाते हैं। इस तरह विविध जीवियों की भावनाओं के बारे में दो वाक्य लिखिए।

_____

_____

_____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

9. जीवी, जीवितावधि से युक्त हैं।


जीवी जन्म लेने के बाद प्रौढ जीवी के रूप में वृद्धि पा कर संतानोत्पत्ति करके, बूढे होकर अंत में मरजाते हैं। इस तरह एक जीवी के जन्म तथा मरण के बीच की अवधि को **जीवितावाधि** कहते हैं।


कई प्राणियों की औसत जीवितशावाधि यहाँ दीगई है। ध्यान दो।

प्राणी	औसत जीवितावधि (वर्षों में)
कछुआ	150
हाथी	70
गाय	20
चील	20
मनुष्य	70-80


सस्यों को जीवितावधि के आधार पर एक वार्षिक सस्य, द्विवार्षिक सस्य और बहुवार्षिक सस्यों में वर्गीकृत किया जाता है।

इन्हें निम्न चित्रों द्वारा समझ लो





© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

निम्न लिखित सस्यों के उपयोग लिखो।

एक वार्षिक सस्य :

1) _____

2) _____

द्विवार्षिक सस्य :

1) _____

2) _____

बहुवार्षिक सस्य :

1) _____

2) _____

जीवितावधि के आधार के अलावा सस्यों को बीजदलों के आधार पर **एकदल बीज** और **द्विदलबीज** सस्यों में वर्गीकृत किया जाता हैं।

ऐसे कीजिऐ : रागी और मूँगफली के बीज लेलो। रात में सोने से पहले उन्हें अलग-अलग पानी से भरे लोटे में डालो। सुबह पानी निकाल कर रागी और मूँगफली के बीजों को हाथ से मजबूती से दबाओ तुम्हारे अनुभव को बाँट लो।

एकदल सस्य के बीज में एक दल होता है।

उदाहरण के लिए : जोवार, रागी, गेहूँ, धान।

द्विदल सस्य के बीज में दो दल होते हैं।

उदाहरण के लिए : लोबिया, मूँगफली, तुअर, चना, उडद।

ऐसे कीजिऐ : तुमारे वासस्थान में मिलनेवाले एकदल और द्विदल सस्यों का संग्रह करो। उनकी पत्तियाँ, और जडों पर ध्यान दो। शिक्षकों की सहायता से उनके बीच का अंतर समझलो।

जीवियों के लक्षणों के बारे में समझ लिया हैना? सस्य एंव प्राणी परिसर के प्रमुख अंशहोते है। लेखिन आजकल मनुष्यों की लालच से परिसर में पेड-वृक्षों एवम् प्राणियों की संख्या घटरही है। सस्य एंव प्राणियों का संरक्षण आजकी आवश्यकता है।

हम क्यों सस्यों का संरक्षण करें?

– बरसात के लिऐ – आहार के लिए – अगली पीढी के लिए

सस्यों के संरक्षण क्रम के बारे में मित्र/सहेलियों से चर्चा करो।

प्राणी संरक्षण का महत्व

निम्न घटना को पढो

बोर्नियो में एकबार मक्खियों की समस्या अति बढ गई। इनके नियंत्रण में कीटनाशकों का प्रयोग किया गया। मक्खियाँ सब मर गई। मरीहुई मक्खियों को वहाँ की छिपकलियाँ खाने लगी। इससे मक्खियों में स्थित कीटनाशक छिपकालियों की देह में पहुँचे। इनके कुप्रभाव से छिपकालियों का चलना - फिरना धीमा होगया। तब उन्हे आसानी से पकड कर बिल्लियाँ खाने लगीं। छिपकलियों के जरिये बिल्लियों की देह में कीटनाशक पहुचगये। कई बिल्लियाँ मर गई। बिल्लियों की संख्या घटते ही चूहों की संख्या हद् से ज्यादा बढने लगी। इससे प्लेग बीमारी की समस्या बढने के कारण अनेक लोग बलि चढ गये। चूहे-चुहियों के नियंत्रण के लिए सरकार ने दूसरे देशों से बिल्लियों का आयात किया।

इस घटना से परिसर में प्राणियों का संरक्षण और जीवियों में संतुलन का महत्व समझ में आता हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

प्राणी संरक्षण के महत्व के बारे में और कई अंश निम्न लिखित हैं, पढो।

- प्राणी परिसर को संतुलित बनाये रखने में प्रमुख पात्र को निभाते हैं।
- प्राणियों के नाश से परिसर में आहार का अभाव उत्पन्न हो कर इतर जीवियों पर गहरा परिणाम पडता है।
- आजकल सरकार द्वारा राष्ट्रीय अरण्य, वन्यजीविधाम, पक्षीधाम, अभयारण्य की स्थापना से प्राणी संरक्षण उपक्रम अपनाये गये हैं। प्राणियों का शिकार पर पाबंदी लगाई गई हैं।

कार्यकलाप : कर्नाटक में स्थित राष्ट्रीय अभयारण्य, वन्यजीवीधाम और पक्षीधामों की सूची तैयार कीजिए।

_____	_____	_____
_____	_____	_____
_____	_____	_____
_____	_____	_____
_____	_____	_____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अपने चारों तरफ का जीवजगत आश्चर्यकारी है। परिसर में सस्य, प्राणियों के बारे में समझ कर परिसर में उसे संरक्षित करने का कार्य करें, तो आज हमें दिखनेवाला परिसर अगली पीढी को भी देखने मिलेगा। यदि हम परिसर की रक्षाकरें, वह हमारी रक्षा करेगा। हमेशा यह बात याद रखो।

पाठ - 2

परिवार

S2Y2U3

अब तक तुम इस बात को जान चुके हो कि परिवार में रहने वाले लोगों का आपसी रिश्ता होता है। वे मिलजुलकर रहते हैं। कई बार परिवार के सदस्य विवाह, नौकरी शिक्षा आदि कारणों से परिवार से दूर होकर अलग परिवार बसा लेते है। समय के अनुसार परिवार के स्वरूप में अनेक बदलाव आ रहे हैं।

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- परिवार का महत्व समझोगे।
- वंशवृक्ष के द्वारा अपने परिवार की जानकारी पाओगे।
- रिश्तों को संकेतों द्वारा पहचानने की कुशलता पाओगे।
- परिवार के स्वरूप में आए बदलावों को पहचानोगे
- विभक्त परिवार तथा अविभक्त परिवार के लक्षणों को जानोगे।

चौथी कक्षा में वंशवृक्ष का परिचय अब तक तुम पा चुके हो। वंशवृक्ष किसे कहते हैं? यहाँ लिखो।

_____


_____


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

वंशवृक्ष

मैं मनु हूँ। इस वंश के द्वारा मैं अपने परिवार का परिचय कराऊँगा। यह मेरा वंशवृक्ष है। यहाँ मैं हरे रंग के चौखाने में हूँ। मेरे परिवार के सभी सदस्यों के नाम पढ़ो

वंशवृक्ष में उपयोगित संकेत चिहन





पिछले पृष्ट पर दिए गए वंशवृक्ष के नामों को नीचे सूची में दिया गया हैं। अपने को मनु समझकर इस वंशवृक्ष के लोगों का आपसी रिश्ता लिखे।

(क्र.सं.1 का उदाहरण समझो)







क्रम संख्या	नाम	रिश्ता
1.	प्रिया	दीदी
2.	रक्षित - राधा	
3.	प्रेमा	
4.	रामप्पा, भाग्यम्मा	
5.	रवि, विनुता	
6.	पल्लवि	
7.	शरण, सुमा	
8.	राजू, रम्या	
9.	किरण	
10.	कीर्तना	

NOT TO BE REPUBLISHED @KTBS



सोचिऐ: क्या इन लोगो के साथ प्रेमा और मनु का रिश्ता एक जैसा है।

वंशवृक्ष की रचना हेतु पुरुष के लिए □ , स्त्री के लिए ○ संकेतचिह्न का उपयोग किया गया है। निम्न लिखित संकेत चिहनों को देखकर रिश्तों का नाम लिखो।

क्रम संख्या	चिहन	रिश्ता
1.		पत्नी - पति
2.		
3.		
4.		पिता - पुत्री
5.		
6.		बडी बहन - छोटी बहन

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मेरे परिवार का परिचय हो चुका है। अब अपने परिवार का वंशवृक्ष तैयार करो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मेरे और अपने परिवार की तुलना करके इन प्रश्नों के उत्तर दो।

1. मेरे परिवार की कितनी पीढ़ियाँ हैं?

   _____

2. तुम्हारे परिवार की कितनी पीढ़ियां हैं?

   _____

3. मेरे और तुम्हारे परिवारो में से किसका परिवार बड़ा है? कैसे?

   _____

मेरे परिवार में चार पीढ़ियों के सदस्य हैं। हम सभी एक ही घर में रहते हैं। सभी लोग मिलकर भोजन करते हैं। त्योहार आदि मिलकर मनाते हैं। परदादा और परदादी का प्यार हम सबको मिलता है । सभी लोग सम्मान के साथ उनकी देखभाल करते हैं। परिवार के सभी कामकाज उनके मार्गदर्शन से होते हैं। इसी तरह दो से अधिक पीढीवाले अगर एक ही घर में रहते हों तो वह अविभक्त परिवार कहलाता है ।

मेरी बुआ प्रेमा के परिवार में केवल चारलोग हैं। प्रेमा बुआ अशोक फूफाजी और उनके दो बच्चे। प्रेमा बुआजी के सास - समुर दूसरे गाँव में रहते हैं, इसीलिए उनका परिवार छोटा है। इस तरह दूसरी पीढ़ी का अलग परिवार विभक्त परिवार कहलाता है।

तुम्हारा परिवार किस प्रकार का है, जानोगे?

इन लक्षणों में से (✓) अथवा (X) का निशान लगाओ। अगर इन लक्षणों मे (✓) अधिक आए तो तुम्हारा विभक्त परिवार है। अगर (X) अधिक आए तो वह अविभक्त परिवार है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

क्र .सं.	**परिवार के लक्षण**	**हाँ (✓)**	**नही (X)**
1.	मेरे परिवार मे 2 पीढियाँ है।		
2.	हम सभी रिश्तेदार है।		
3.	घर मे माता - पिता बडे हैं।		
4.	मेरे परिवार का आकार छोटा है।		
5.	परिवार के सभी बच्चे अविवाहित हैं।		

उपर्युक्त लक्षणों की सहायता से मेरा परिवार ———————— परिवार है। यह जानकारी मिलती हैं।

क्या तुम जानते हो?

- वंशवृक्ष की रचना करते समय बच्चों के नाम ज्येष्ठता के क्रमानुसार लिखा जाता है।
- वंशवृक्ष में उस वंश के बच्चों के नाम बडे से लेकर छोटे तक क्रमानुसार लिखकर उसके बाद उनके पती/पत्नी का नाम लिखा जाता है।
- वंशवृक्ष शब्द की कल्पना पेड के समान पीढियाँ भी बढती हैं यह सूचित करती हैं। लिखते समय बडों से छोटे तक ऊपरसे नीचे की ओर लिखा जाता है। बडों के बाद की पीढियों को दर्शाने के लिए ऐसे लिखा जाता है।

अब मैं अपने मित्रों के परिवारों का परिचय कराऊँगा।

यह मेरे मित्र का परिवार है। यह अविभक्त परिवार है।



© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मेरे मित्र के परिवार को देखा न। इस परिवार के बारे में तुम्हारी क्या राय है?

_____

_____

_____

अब तक तुमने मेरे, तुम्हारे, और मेरे मित्र के परिवार के बारे में जो जाना उनके बीच की समानताओं और विभिन्नताओं के बारे में लिखो।

समानता	विभिन्नता

मेरे मित्र का परिवार भी अविभक्त परिवार है। इस परिवार की सुविधाओं तथा असुविधाओं के बारे में अपने मित्रों से चर्चा करके लिखो।

क्र .सं.	सुविधाएँ	असुविधाएँ
1.		
2.		
3.		

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

अब अपनी सहेली के घर चलें। उसकी की माँ कुछ कह रही हैं। आओ सुनें।



मैं बडे परिवार में रहकर बडी हुई। मेरे परिवार में 25 लोग रहते थे। बच्चों का पालन-पोषण सभी मिलकर करते थे। जब मैं छोटी थी तब दादी कहानियाँ सुनाती थीं। अब मेरे परिवार में मैं, मेरे पति और मेरे दो बच्चे हैं। इस समय मुझे अपने पति जो कि अस्पताल में हैं, उन्हे खाना देने जाना हैं। अपने छोटे बच्चे को किसके पास छोडकर जाऊँ इसी बात की चिन्ता हो रही है।

इनकी पड़ोसिन रज़िया बहन आ रही है न? देखें वे क्या कहती हैं सुनें।



चिंता मत कीजिए अपने छोटे बच्चे को मेरे पास छोडकर जाइए मैं देख लूँगी। आस-पड़ोस में रहने वालो को एक दूसरे की मदद करनी ही चहिए न?

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

तुमने सुना न? मेरे सहेली की माँ की चिंता दूर हुई। अब यह बताओ कि दूसरे लोगों ने तुम्हारे परिवार की सहायता किस-किस तरह से की है इसके बारे में लिखो।

किसने?	**किस तरह सहायता की?**



सोचिऐ: क्या तुम्हारे परिवार की सहायता दूसरे शहर में रहनेवाले बन्धु मित्रों ने की थी।

मैने तुम्हारा परिचय अलग-अलग परिवारों से कराया। नीचे दिए गए अंशो को पढ़कर अपने परिवार और दूसरे परिवारों में विभाजित करके आगे दिए गए चौखानों में लिखो।

- पालन पोषण
- उचित शिक्षा दिलाना
- आहार सामग्री देना
- पढ़ाना
- खेलों में पराजित होने पर सांत्वना देना।
- बीमारी में इलाज कराना।
- प्यार दुलार देना।
- आवश्यकताओं को पूरा करना।
- माँ की अनुपस्थिति में सहायता करना।
- अधिक समय रहना।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

मेरा परिवार	अन्य

हमारे परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य लोग पड़ोसी भी हमारी सहायता करते हैं।

क्रियाकलाप: अपने घर के आस-पास रहनेवाले 10 घरों से भेंट करो। प्रत्येक घर के मुखिया का नाम लिखकर उस घर में रहनेवाले लोगों की कुल संख्या लिखो। इन सदस्यों का परिवार के मुखिया के साथ क्या रिश्ता है लिखो। दिए गए उदाहरण पर ध्यान दो। इस नमूने को देखकर जानकारी पाकर भरो।

क्र.सं	भेंट किए गये घर के मुखिया का नाम	परिवार के कुल सदस्यों की संख्या	मुखिया से सदस्यों का रिश्ता
उदाहरण :	रामण्णा	06	पिता, माता, पत्नी, पुत्र, पुत्री
1.			
2.			
3.			
4.			
5.			
6.			
7.			
8.			
9.			
10.			

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इस जानकारी के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दो।

1) 5 से कम सदस्यों वाले परिवारों की संख्या _____

2) 5 से अधिक सदस्यों वाले परिवारों की संख्या _____

3) 2 पीढ़ियों वाले परिवारों की संख्या _____

4) 2 से अधिक पीढ़ीवाले परिवारों की संख्या _____

5) इस क्रिया कलाप द्वारा मैं ने जाना

_____

_____

_____

_____




पढ़कर जान लीजिए : आजकल के दिनों में उद्योग, आमदनी पढ़ाई, जीवन निर्वाह आदि कारणों से परिवार के स्वरूप में बदलाव आ रहा है। विभक्त परिवारों की संख्या बढ़ रही है।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

गाकर-झूमो

परिवार, परिवार मेरा परिवार
पैदा होकार बड़ा हुआ परिवार
हँसते हँसते समय बिताया परिवार
माता - पिता भाई का परिवार
प्यार - दुलार देने वाला परिवार
बिना परिवार मैं नहीं
बिना परिवार संसार नहीं

■ **चित्र की सहायता से निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

1) परिवार से मुझे कौन से उत्तम गुण सीखने हैं?

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

2) मुझे परिवार की आवश्यकता क्यों है?

_____

_____

_____

_____

पाठ - 3

समुदाय

M9S6S4

एक निश्चित प्रदेश में रहने वाले लोगों के समूह को **समुदाय** कहते हैं। समुदाय मे लोग एक दूसरे पर निर्भर रहते हैं। समुदायों की पहचान अलग अलग नामों से की जाती है।

उदाहरण : ग्राम समुदाय, नगर समुदाय, अदिवासी समुदाय।

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- समुदायों के प्रकार और लक्षणों को जानोगे।
- ग्राम समुदाय वहाँ के ग्रामीणों की समस्याओं तथा उनके संमाधानों के बारे मे जानोगे।
- नगर समुदाय के लोगों का जीवन वहाँ की समस्याओं व उनके निवारण क्रमों का पता लगाओगे।
- आदिवासी समुदाय का परिचय पाओगे।
- विविध पेशों की आवश्यकता और मूल्यों को जानकर श्रम गौरव की प्रशंसा करोगे।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

विभिन्न समुदाय

यहाँ एक गाँव का चित्र दिया गया है। देखो, कितने सारे घर हैं न?



इस गाँव में कई परिवार निवास करते हैं। इन सभी परिवारों के समूह को **समुदाय** कहते हैं।



सोचिए : एक बृहत् मेले को देखने अलग-अलग गाँवो से अनेक परिवार आए हुए हैं। क्या इन्हें समुदाय कहा जा सकता है?

रवि की कहानी पढ़कर प्रश्न का उत्तर दो।

रवि का घर आनन्दपुर में है। इसके पिता यहीं पैदा होकर बडे हुए इसी तरह कई लोग इसी गाँव में कई सालों से रहते हैं। किसी एक के घर में कोई कार्यक्रम हो तो सभी मदद करते हैं। रवि के पिता किसान हैं, और कई कार्यों के लिए दूसरों पर निर्भर करते हैं, समुदाय के क्या लक्षण है? (कोई तीन)

_____

_____

_____



पढ़कर जान लीजिए :

- हम हमारे की भावना रखने वाले एक निश्चित प्रदेश में रहनेवाले जनसमूह को **समुदाय** कहते हैं। समुदाय के सभी सदस्य यह भावना रखते हैं कि वे एक दूसरे पर निर्भर हैं। अगर समुदाय का आकार छोटा हो तो यह भावना अधिक प्रबल होती है। अगर समुदाय का आकार बड़ा होतो इस भावना की कमी होती है।


- पर्यावरण में अधिकतर प्राणीवर्ग का समूह में रहना समुदाय को दर्शाता है। मधुमक्खियाँ, चींटियाँ समुदाय (समूह) में रहकर कामों को बाँटकर जीती हैं यही इनकी विशेषता है। तुम्हारे आसपास इसी तरह से समुदाय में रहनेवाले अन्य जीवियों को पहचानकर अपने मित्रों से इस बारे में चर्चा करो।





@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

यहाँ दिए गए चित्रों में से तुमसे जाने गए अंशों को लिखो.

	जाने गए अंश
ग्रामीण समुदाय 	
नगर समुदाय 	
आदिवासी समुदाय 	

ग्रामीण समुदाय, नगर समुदाय और आदि वासी समुदाय नामक अनेक समुदाय है।

NOT TO BE REPUBLISHED

यहाँ पर ग्रामीण समुदाय का चित्र है। इस चित्र में रहने वाले कृषि के अतिरिक्त अन्य और कौन से कार्य है लिखो।



कृषि कार्य	अतिरिक्त कार्य
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____

समुदाय मे रहने वाले परिवारों को काम करने के लिए अनेक साधनों की आवश्यकता होती है। ग्रामीण समुदाय में एक दूसरे का अवलम्बन अधिक दिखाई देता है। यहाँ हर पेशे का सम्मान किया जाता है।

NOT TO BE REPUBLISHED

कार्यकलाप : किसान के काम में आनेवाले विभिन्न साधनों की सूची बनाकर इन्हे किसान किससे प्राप्त करता है लिखो।

साधन	किससे
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____
_____	_____

भारत के 72 प्रतिशत लोग गाँव में रहते हैं। इनमें से 70 प्रतिशत लोगों का जीवन कृषि पर आधारित है। खेती के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन (गाय, भैंस पालन) मुर्गी पालन, मछली पालन रेशम के कीडों का पालन आदि अन्य काम भी करते हैं। **बुनाई, लुहारगिरी, बढ़ईगिरी, और टोकरी** आदि बुनने जैसे काम भी हम गाँव में देख सकते हैं। इन कामों के लिए स्त्रियों पर निर्भर हैं। गाँवमे सफाई, स्वास्थ्य शिक्षा, रोजगार सम्बन्धी समस्याएँ देखने को मिलती हैं। गाँवो के विकास के लिए सरकार ने अनेक कदम उठाए हैं। जो इस प्रकार है।

1. शिक्षित ग्रामीण युवको के उद्योग के लिए रोजगार योजना, जवाहर ग्राम समृद्धि योजना।
2. गुणात्मक शिक्षा के लिए सर्वशिक्षा अभियान।
3. ग्रामस्वच्छता के लक्ष्यपूर्ति के लिए निर्मल ग्रामयोजना।
4. बालिकाओं की अभिवृद्धि के लिए भाग्यलक्ष्मी योजना।
5. निर्धनों को गृह निर्माण के लिए अनुदान तथा कर्जा देने के लिए आवास योजना।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

इन प्रश्नों के उत्तर दो।

1. गाँव के लोगो के पेशों को लिखो।

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

2. गाँव के लोग किन समस्यायों का सामना करते हैं?

_____

_____

_____

_____

_____

3. ग्रामीण विकास के लिए सरकार द्वारा चलाई गई किसी एक योजना के बारे में लिखो।

_____

_____

_____

_____

_____

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नगर समुदाय

यहाँ एक महानगर का चित्र हैं। इस चित्र में तुमने जिन बातों पर ध्यान दिया उनके बारे में नीचे दिए गए खाली जगह में लिखो।



_____

_____

_____

_____

लोग शिक्षा, रोजगार, आदि के लिए गांवो से नगर आते है। नगरों में लोगोको भिन्न भिन्न प्रकार के काम करते हुए देखते है।

नीचे दिए गए चित्रों को देखो, ये लोग कौन से काम कर रहे हैं? लिखो। इस तरह के काम करने वाले लोग तुम्हारे गाँव/शहर में रहते हो तो, उस चित्र पर (✓) का चिह्न अंकित करो।



_____

_____

☐



_____

_____

☐



_____

_____

☐



_____

_____

☐



_____

_____

☐



_____

_____

☐

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED




_____

_____



_____

_____




_____

_____

@ NOT TO BE RE LISHED

भारत में लगभग पाँच हजार नगर हैं। इन नगरों में दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले सत्ताईस महानगर हैं।

यहाँ नगर को चित्रण करने वाले चित्र दिए गए हैं। इन चित्रों को देखकर प्रश्नों के उत्तर दो।

<table>
<tr><td>  </td><td>  </td></tr>
<tr><td>  </td><td>  </td></tr>
<tr><td>  </td><td>  </td></tr>
<tr><td>  </td><td>  </td></tr>
<tr><td>  </td><td>  </td></tr>
</table>


@KTBS
BE REPUBLISHED























@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

1. तुम नगर मे जाकर क्या-क्या देखोगे?

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

_____ _____ _____ _____

2. इन चित्रों में पर्यावरण को दूषित करने वाले चित्र पर (✓) का चिहन अंकित करो।

3. अगर तुम नगर में रहते हो तो किन समस्याओं का सामना कर रहे हो?

_____

_____

_____

_____

4. नगरों के विस्तार से पर्यावरण को होनेवाले नुकसान के बारे में विवरण दो।

_____

_____

_____

_____

शिक्षक की सहायता से निम्नलिखित विषयों के बारे में मित्रों से चर्चा करो। कक्षा में सबके सामने अपने विचार व्यक्त करो।

- नगर में आवास की समस्या
- संचार रुकावट (ट्रैफिक जाम)


@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

- औद्योगिक प्रदेशों मे प्रदूषण।
- कूडे का निर्वहण।
- झोंपड-पट्टी प्रदेश।
- जल प्रदूषण

इस तरह की समस्याओं से निपटने के लिए सरकार ने कुछ काम किए हैं जो इस प्रकार हैं।

निकास व्यवस्था	
पीने के लिए शुद्ध पानी की आपूर्ति	
सुविधा जनक सुसज्जित बस उड्डे तथा रेलवे स्टेशन	 


©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

नगरों के बाहरी हिस्सो में वर्तुल मार्गों की व्यवस्था	
उद्यान वनों का निर्माण	

सरकारी कार्यक्रमों के साथसाथ नगर में रहनेवाले प्रत्येक व्यक्तिको नगर की सफाई का ध्यान रखना चाहिए। प्रेम और विश्वास की भावना के साथ मिलजुलकर रहना चाहिए।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

आदिवासी समुदाय



इस चित्र में दिखाए गए कौन से अंश तुम्हारे रहन-सहन से भिन्न हैं? लिखो।

_____

_____

_____

_____

_____

घने जंगलो तथा पहाडी प्रदेशों में रहने वाले लोगों को आदिवासी कहते हैं। इनका निवास, भाषा, वेश-भूषा, विवाह पद्धति आदि विशिष्ट होते हैं। मैसूर जिले के सोलिंगा, दक्षिण कन्नड जिल्ले के कोरग कोडगु जिले के जेनुकुरूब तथा यरबरू इत्यादि नाम के आदिवासीवासी समुदाय हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED









चित्र की सहायता से इन के पेशों को लिखो।



_____

	_____
	_____
	_____

NOT TO BE PUBLISHED



इस समुदाय के लोग जंगलों, पहाडियों में रहने से ये लोग मकान, शिक्षा, परिवहन, आहार, बिजली इत्यादि सुविधाओं से वंचित रहते हैं। इन दिनों सरकार इस समुदाय के लोगों के लिए शिक्षा आहार वितरण घर, स्वास्थ्य आदि की सुविधाएँ पहुँचाने की कोशिश कर रही है।

अपनी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति तथा एक दूसरे की सहायता के लिए निश्चित प्रदेश में रहनेवाले लोगों का समूह ही समुदाय है, इस बात को तुम समझ चुके हो। ग्रामीण, नगरीय तथा अदिवासी समुदायों के अतिरिक्त हम अन्य समुदायों को भी देखते हैं।

©KTDS NOT TO BE REPUBLISHED




पढ़कर जान लीजिए :

- एक ही विषय में रुचि रखनेवाले लोगों द्वारा अपने विचारों के आदान-प्रदान के लिए बनाया गया समुदाय। **उदाहरण :** लोकगीत प्रेमियों का समुदाय।
- किसी कार्य में परिवर्तन लाना है अथवा किसी काम को करने के लिए लोगो का समुदाय । **उदाहरण :** पर्यावारण प्रेमियो का समुदाय
- एक समान रोजगार करनेवाले अथवा एक ही तरह के कार्य करनेवाले लोगो द्वारा बनाया गया समुदाय। **उदाहरण :** शिक्षक समुदाय

इस तरह हम देखते है कि अपनी पसन्द, विराम समय आदतों अभिरुचियों के अनुसार लोगोंके समुदाय बनते है। समुदाय केवल परिवार के सदस्यों से नही बनता बल्कि विभिन्न व्यक्तियों के आपसी सम्बन्धों से भी समुदाय बनते है। यही समुदाय का विस्तृत अर्थ बतलाता है। इनके अलावा धर्म, लक्ष्य, भाषा, संस्कृति आयु लिंग आदि पर आधारित होकर समुदाय बनते हैं। इस बात को हम देख सकते हैं।

अब तक तुम तरह-तरह के रोजगार/कामों आदि के बारे में जानकारी पा चुके हो। तुम्हें आहार प्राप्त करने के लिए इतने लोगों के सहयोग की आवश्यकता है। क्या तुम इस बात को जानते हो? यहां दिए गए चार्ट को ध्यान से देखो। इससे तुमने क्या सीखा इसे लिखो।



@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

_____

_____

_____

बाप रे! अगर हमारी आहार सामग्री के लिए इतने लोग काम करते हैं तो, वस्त्र तैयार करने, गृह निर्माण इत्यादि वस्तुओं की तैयारी के पीछे कितने लोगो की मेहनत है इसके बारे में जरा सोचकर देखो। अगर इन सबमे एक भी सहयोग न करे तो काम पूरा नहीं हो सकता। हम वस्तुओं को पैसे देकर दुकान से खदीकर लाते हैं। यह सबकुछ आसानी से मिल जाता है ऐसा सोचने की बजाए हम जिन वस्तुओं का प्रयोग करते हैं, उसके पीछे कितने लोगों की मेहनत काम करती है, इसे नहीं भूलना है। अतः समुदाय के प्रत्येक पेशे/काम का सम्मान करना चाहिए और इन कामों को करने वाले प्रत्येक व्यक्ति का भी सम्मान करना चाहिए।

समुद्र के पानी से बनने वाला नमक हमे कैसे मिलता है और इसे कौन तैयार करते हैं? (शिक्षक की सहायता से) एक चार्ट तैयार करो।

@KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

किसी एक समुदाय की उन्नति में अनेक प्रकार के कामों का करना जरूरी है। इस बात को तुम समझ चुके हो समुदाय में मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाले रोजगारों के अलावा कुछ अलग काम करनेवाले लोग भी हैं।

यहाँ दिए गए चित्र देखो। ये कौन हैं? इनसे हमें क्या उपयोग हैं? चित्र के नीचे दिए गए खाली जगह में लिखो।

समुदाय के लोगो के लिए आवश्यक सामग्रियों को तैयार कर आपूर्ति करने वाले, पर्यावरण को स्वच्छ रखने वाले, मूलभूत सुविधाओं की पूर्ति करनेवालों के अलावा मनोरंजन, खुशीदेनेवाले मानसिक संतुष्टि प्रदान करने वालों की आवश्यकता होती है। हर काम जरूरी है। किसी भी समुदाय की उन्नति में सबका हाथ होता है। उनके कार्यो का भी महत्व होता है। इस बात को समझकर प्रत्येक व्यक्ति का सम्मान करें।

© SCERT NOT TO BE REPUBLISHED

यहाँ पर अपनी वृत्ति के अत्यन्त सफल व्यक्तियों के चित्र दिए गए हैं। ये लोग कौन हैं। ये लोग किस हुनर में साधना करके सफल हुए। इसे लिखो।








_____ _____ _____

_____ _____ _____

- विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त करने वाले व्यक्तियों के चित्रों को इक्ट्ठा करके अपनी पाठशाला में प्रदर्शित करो।
- तुम बडे होकर क्या काम करना चाहते हो? इस काम के द्वारा समुदाय को क्या लाभ होगा। इस पर अपनी कक्षा मे विचार व्यक्त करो।

यहाँ दिएगए चित्र को देखकर इस दृश्य का विवरण दो।




_____

_____

_____

© KTES NOT TO BE REPUBLISHED

इस परिवार को किस तरह की मदद मिली चित्रों की सहायता से विवरण दो।






_____

_____

_____

समुदाय में, अगर कोई विपत्ति में हो तो समुदाय के अन्यलोग उसकी सहायता करते हैं। इसी तरह बाढ़ सूखा, भूकंप इत्यादि प्राकृतिक विपदाओं में हानि होने पर विभिन्न समुदायों के लोग सहायता करते हैं।




इससे तुमने क्या जाना, लिखो।

_____

_____

हर व्यक्ति समुदाय का एक हिस्सा है। समूह में रहने वाले हर व्यक्ति से मिलकर ही समुदाय की रचना हुई है। समुदाय के सहयोग के बिना जीवित रहना मुश्किल होता है। अतः समय पड़ने पर हमें भी समुदाय के अन्य लोगों की सहायता करनी चाहिए।

© NCERT NOT TO BE REPUBLISHED

पाठ - 4

सामुदायिक खेल

U5R5P6

खेलो का जन्म समुदाय में ही हुआ है। लोगों ने अपना खाली समय बिताने के लिए खेलों का मार्ग चुना। खेलों द्वारा समुदाय के लोगों के आपसी सम्बन्ध बढ़ते हैं। बड़े छोटे सभी को मिलकर खेलने का मौका मिलता है। लोगो द्वारा अपने मनोरंजन और शारीरिक व्यायाम के लिए निर्धारित क्रियाकलाप ही 'खेल' है। यह समुदाय के लोगों के मिलजुलकर रहने, खेलकर आनन्द उठाने वाले क्रियाकलाप है।

इस पाठ को सीखने के बाद तुम,

- खेलों और शारीरिक व्यायाम का महत्व जानोगे।
- साहसिक खेलों का परिचय पाओगे।

©KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

रविवार को पाठशाला की छुट्टी है। तुम्हारे लिए छुटूटी का दिन खुशी का दिन है। छुट्टी का दिन तुम कैसै व्यतीत करोगे। क्या क्या करोगे यहाँ लिखो:-

- _____
- _____
- _____
- _____
- _____
- _____
- _____

इनमें से तुम्हें किससे बहुत खुशी मिलती है? इसे पहचानो। इनमें खेल भी है क्या?

यहाँ दी गई सूची को ध्यान से देखो। इनसे खेलने वाले खेलों से होनेवाले उपयोग को छाँटकर लिखो।

* संतोष * लेखन कौशल * बुद्धि की कुशाग्रता * सहकरिता	* मनोरंजन * स्पर्धात्मक भावना * हार-जीत को समान रूप से * ग्रहण करने की मनोभावना	* भूख मिटना * परिसर सुरक्षा * शारीरिक व्यायाम * मित्रता * ज्ञान

_____	_____	_____
_____	_____	_____
_____	_____	_____
_____	_____	_____

इस चित्र पर ध्यान दो। ये लोग प्रतिदिन इसे करते हैं। ये लोग क्या कर रहें है? लिखो।

	_____ _____
	_____ _____

©KTBS
TO BE REPUBLISHED

	_____ _____
	_____ _____

खेल, योग, शारीरिक व्यायाम आदि करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थय का विकास होता है। इन सबका अभ्यास करने से मांसपेशियाँ और स्नायु की क्षमता बढ़कर शरीर स्वस्थ रहता हैं। शारीरिक वजन को सही रख सकते हैं। शरीर का आकार सही होने से सुन्दर दिखाई देते हैं। आत्मविश्वास बढ़ता है। खाली समय का सदुपयोग होता है। मनोरंजन और उल्लास से हमेशा उत्साहित रहते हैं और फुर्तीले रह सकते हैं।



सोचिऐ

* शारीरिक क्रियाकलाप न करने वालों को कौन सी परेशानियां हो सकती हैं।
* मोटे लोगों को अपना वजन कम करने के लिए क्या करना ठीक रहेगा। इस बारे में क्या करते हो?

खेल सिर्फ हमारे लिए लाभकारी है क्या?

देशी, विदेशी खेलों से देश-विदेश के बीच स्नेह सौहार्दता बढ़कर आपसी संम्बन्ध बढ़कर रिश्ते मजबूत होते हैं।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

कुछ अन्तरष्ट्रीय खेलों के नाम लिखो।

- _____
- _____
- _____
- _____
- _____

यहाँ दिए गए चौखाने में भारत का किसी दूसरे देश के साथ खेलेजाने वाले चित्र को लेकर यहाँ चिपकाओं।

@KTBS
NOT TO BE REPUBLISHED

इन चित्रों को देखो। दिए गए नामों की सूची से छाँटकर इन चित्रों के नीचे लिखो (शिक्षक की सहायता लो)



_____



_____



_____



_____



_____

(नाव क्रीड़ा, पर्वतारोहण, आसमानी छलाँग पर्वत चारण, पहिएवाली चढ़ाई)

NOT TO BE REPUBLISHED

इन चित्रों को देखकर लगता है न **वाह**। ये सब भी खेल ही है। इन्हे **साहसिक क्रीड़ा** कहते हैं।



पढ़कर जान लीजिए : रोमांचक तथा विशेष शारीरिक सामर्थ्यों पर आधारित क्रीड़ाओं को साहसिक क्रीड़ाएँ कहते हैं। ये क्रीड़ाएँ अधिकतर असामान्य रूप से लक्ष्य पर पँहुचने की चुनौती देने वाले खेल होते हैं। इन खेलों के लिए अधिक तैयारी तेजी, कुशलता प्रशिक्षण तथा शारीरिक क्षमता में युक्त खिलाडी को नई नई चुनौतियों का सामनाकराती है। ऐसी क्रीड़ाओं से मन को आनन्द, खतरों का सामना मानसिक स्थिरता, शारीरिक व्यायाम तथा मनोरंजन मिलता है। पर यह भी सच है कि ये खेल खतरों से भरे होते हैं। अतः खतरों से बचने के लिए निम्नलिखित सावधानियों का पालन करना चाहिए।'

- सही प्रशिक्षण और मार्गदर्शन के बिना इन खेलों में भाग नहीं लेना चाहिए।
- इन खेलों में भाग लेने से पहले उसके लिए आवश्यक साधन तथा निश्चित कुशलता पाना आवश्यक है।
- अधिक संयम् तथा जिम्मेदारी का अनुकरण आवश्यक है। सन्दर्भो के अनुसार सहीं रीति से निर्वाह करना चाहिए साहसिक खेलों के सन्दर्भ में आने वाले खतरो, हानि खतरे से युक्त खेलों के लिए अच्छी तरह अभ्यास करके उनका सामना करने का अनुभव प्राप्त कर आवश्यक तैयारी तथाप्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए।
- अपने दल के सहयोग के साथ इन खेलों मे भाग लेना चाहिए।

© KTBS NOT TO BE REPUBLISHED

यहाँ पर कुछ ग्रामीण प्रदेश की साहसिक क्रीड़ाओं के चित्र हैं। बड़ों की सहायता से इनक्रीड़ाओं के नाम जानकर लिखो।













अपने परिवार की जानकारी वाले किसी एक साहसिक क्रीड़ा के बारे में जानकर विवरण संग्रहकर लिखो।

- _____
- _____
- _____
- _____
- _____
- _____
- _____

